
# मध्यप्रदेश नई ऊंचाइयों को छू रहा है, खेलों में बच्चे अपना भविष्य बनाएं : प्रभारी मंत्री श्रीमती सिंधिया

- स्पोर्ट्स पार्क में समारोहपूर्वक मनाया गया मध्य प्रदेश स्थापना दिवस, सांस्कृतिक कार्यक्रम की हुई प्रस्तुति
- मध्य प्रदेश स्थापना दिवस जिला एवं विकासखण्डस्तर पर निकाली गई प्रभात फेरियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए आयोजित
- 36वें राष्ट्रीय खेल 2022 में सॉफ्ट बाल और सॉफ्ट टेनिस में पदक जीतने वाले जिले के खिलाड़ियों का सम्मान कर प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान की

देवास ★ जसं

**जिले की प्रभारी मंत्री तथा प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकि शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर स्पोर्ट्स पार्क देवास में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई।**











कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, मध्य प्रदेश गान का गायन किया। स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। प्रभारी मंत्री श्रीमती सिंधिया ने 36वें राष्ट्रीय खेल 2022 में सॉफ्ट बाल और सॉफ्ट टेनिस में पदक जीतने वाले जिले के खिलाड़ियों का सम्मान कर प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान की। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। जिले में सभी विकासखंडों में भी प्रभात फेरी निकाली गई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर स्पोर्ट्स पार्क देवास में आयोजित कार्यक्रम में सांसद श्री महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक देवास श्रीमती गायत्री राजे पवार, विधायक हाटपीपल्या श्री मनोज चौधरी, विधायक बागली श्री पहाड़ सिंह कन्नौजे, सभापति श्री रवि जैन, श्री राजीव खंडेलवाल, महापौर प्रतिनिधि श्री दुर्गेश अग्रवाल, श्री सुभाष शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री चंद्रमौली शुक्ला, पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सिंह चौहान, अपर कलेक्टर श्री महेन्द्र सिंह कवचे, नगर निगम कमिश्नर श्री विशाल सिंह चौहान, एसडीएम श्री प्रदीप सोनी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, नागरिकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

म ध्य प्र दे श स्थापना दिवस पर स्पोर्ट्स पार्क देवास में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री श्रीमती सिंधिया ने सभी जिलेवासियों को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रभारी मंत्री श्रीमती सिंधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश नई ऊंचाइयों को छू रहा है। खेल विभाग भी कामयाब हो रहा है। आप सभी का सहयोग चाहिए। खेलों में स्कूली बच्चें अपना भविष्य बनाएं। प्रभारी मंत्री श्रीमती सिंधिया ने 36वें राष्ट्रीय खेल 2022 में देवास का नाम रोशन करने वाले खिलाडियों को बधाई दी। प्रभारी मंत्री श्रीमती सिंधिया ने स्पोर्ट पार्क का निरीक्षण कर खिलाडियों से चर्चा की।

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर स्पोर्ट्स पार्क देवास में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री श्रीमती सिंधिया ने 36वें राष्ट्रीय खेल 2022 में देवास का नाम रोशन करने वाले खिलाडी सॉफ्ट टेनिस में एकल में स्वर्ण पदक और टीमइवेन्ट में रजत पदक जितने वाले जय मीणा, स्वर्ण पदक विजेता आध्या तिवारी, रजत पदक विजेता राजवीर नागर, आदित्य दुबे, अभिषेक परिहार, योगेश चौधरी, सॉफ्ट टेनिस में पदक विजेता अनुष्का दबंडे, देविका चौधरी, दीपा बिल्वे और मानसी राठौड़ का सम्मान कर प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान की गई।

## हरदा शीघ्र होगा शत-प्रतिशत सिंचित जिला : कृषि मंत्री श्री पटेल

### सिंचाई सुविधा से वंचित क्षेत्रों के लिये कार्य-योजना तैयार



भोपाल ■ जसं

**किसान- कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने हरदा जिले में सिंचाई सुविधाओं की नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ समीक्षा की।**

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार हरदा शीघ्र ही शत-प्रतिशत सिंचित जिला बनेगा।

जिले में सिंचाई सुविधा से वंचित क्षेत्रों के लिये कार्य-योजना तैयार कर ली गई है।

मंत्री श्री पटेल ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, जल-संसाधन और जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि हरदा को पूर्ण रूपेण सिंचित जिला बनाने के लिये त्वरित कार्यवाही करें।

मोरन्ड गंजाल और होशंगाबाद बैराज परियोजना क्रियान्वयन इकाई सिवनी-मालवा के परियोजना प्रशासक श्री डी.आर. आकरे ने बताया कि जिले में सिंचाई सुविधा से वंचित 118 ग्राम को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिये शहीद इलाप सिंह माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना प्रस्तावित है।

मंत्री श्री पटेल ने बताया कि प्रस्तावित परियोजना के लिये सभी आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करें।

उन्होंने बताया कि उक्त परियोजना से हरदा जिले की हंडिया तहसील के 68, खिरकिया के 25, टिमरनी के 21 और हरदा तहसील के 4 गाँव के किसान लाभान्वित होंगे। उक्त परियोजना से 26 हजार 890 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

इससे नर्मदा जल, पाइप केनाल से किसानों को उपलब्ध हो सकेगा।

#### कृषि मंत्री पहुँचे खेल मैदान

कृषि मंत्री श्री पटेल ने मध्यप्रदेश के 67 वें स्थापना दिवस पर हरदा के स्थानीय स्टेडियम पहुँच कर खिलाड़ियों से मुलाकात की।

उन्होंने स्टेडियम में रस्साकसी प्रतियोगिता का आनंद लिया और साथ ही क्रिकेट खिलाड़ियों को किट भी वितरित किये।

मंत्री श्री पटेल ने सभी को स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएँ दी।

## दुर्भाग्य, आदिवासियों के बलिदान को इतिहास में जो जगह मिलनी थी, वह नहीं मिली : प्रधानमंत्री

**जयपुर ( एजेंसी )। राजस्थान के बांसवाड़ा जिले पहुंचे पीएम मोदी ने मंगलवार को मानगढ़ धाम में स्वतंत्रता सेनानी गोविंद गुरु को श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही पीएम मोदी ने बड़ी घोषाण कर मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक घोषित कर दिया है। पीएम मोदी मानगढ़ धाम की गौरव गाथा में शामिल हुए।**

पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में हम सभी का मानगढ़ धाम आना, ये हम सभी के लिए प्रेरक और सुखद है। मानगढ़ धाम जनजातीय वीर-वीरांगनाओं के तप, त्याग, तपस्या और देशभक्ति का प्रतिबिंब है। ये राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की साझी विरासत है।

पीएम मोदी ने कहा कि गोविंद गुरु जैसे महान स्वतंत्रता सेनानी भारत की परंपराओं और आदर्शों के प्रतिनिधि थे। वह किसी रियासत के राजा नहीं थे लेकिन वह लाखों आदिवासियों के नायक थे। अपने जीवन में उन्होंने अपना परिवार खो दिया, लेकिन हौसला कभी नहीं खोया। पीएम ने कहा कि 17 नवंबर 1913 को मानगढ़ में जो नरसंहार हुआ वह अंग्रेजी हुकूमत की क्रूरता की पराकाष्ठा थी। दुनिया को गुलाम बनाने की सोच मानगढ़ की इस पहाड़ी पर अंग्रेजी हुकूमत ने 1500 से ज्यादा लोगों को घेरकर के उन्हें मौत के घाट उतारा था। दुर्भाग्य से आदिवासी समाज के बलिदान को इतिहास में जो जगह मिलनी चाहिए वह नहीं मिली।

आज देश उस कमी को पूरा कर रहा है। भारत का अतीत, इतिहास, वर्तमान और भविष्य आदिवासी समाज के बिना पूरा नहीं होता है। हमारी आजादी की लड़ाई का पग-पग, इतिहास का पन्ना-पन्ना आदिवासी वीरता से भरा पड़ा है।

पीएम मोदी ने कहा, गोविंद गुरु का वहां चिंतन, वहां बोध, आज भी उनकी धुनी के रूप में, मानगढ़ धाम में अखंड रूप से प्रकाशित हो रहा है। सम्प सभा के आदर्श, आज भी एकजुटता, प्रेम और भाईचारा की प्रेरणा दे रहे हैं। 1780 में संथाल में तिलका मांझी के नेतृत्व में दामिन संग्राम लड़ा गया। 1830-32 में बुधू भगत के नेतृत्व में देश लरका आंदोलन का गवाह बना।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बड़्वाह जिला खरगोन म.प्र

Phone- 07280-222036 Fax 07280-222979 Email ID- cmobadwah@mpurban.gov.in

क्रमांक/राज./ 2508 /2022 बड़वाह-दिनांक 01 /11 /2022

### निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद बडवाह द्वारा नगर पालिका के स्वातमित्व की निम्नाकिंत 38 दुकानों में से शेष 14 दुकानो की निलामी कलेक्टर गाईड लाईन अनुसार एवं अन्य व्यय मूल्य की गणना कर म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 109 के तहत तथा मध्यप्रदेश नगरपालिका (अचल संपत्ति का अंतरण) नियम 2016 के नियमों अनुसार तालिका में वर्णित सम्पत्तियों के विक्रय हेतु बंद लिफाफे में 02 लिफाफा पद्धति पर निविदा आंमत्रित कि जाती है। प्रथम लिफाफे ''अ'' में अर्नेस्टंमनी (सुरक्षा निधि) नगद/डीडी तथा आरक्षित वर्ग के होने की स्थिति में जाति प्रमाण-पत्र एवं द्वितिय लिफाफें ''ब'' में निविदा दर निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत करना होगा। अर्नेस्टरमनी एवं आरक्षित वर्ग की दुकाने होने पर जाति प्रमाण-पत्र लिफाफा ''अ'' में सही पाई जाने पर ही निविदा दर का लिफाफा ''ब'' खोला जावेगा। दुकान के कुल मूल्य से अधिक राशि के प्रस्ताव/ दर प्राप्त होने पर ही स्वीकृति उपरांत अंतरण की कार्यवाही की जावेगी। इस कार्य हेतु कोरे निविदा प्रपत्र दिनांक 15/11/2022, 16/11/2022, 17/11/2022 को कार्यालयीन समय (प्रात: 10:30 से शाम 5:30 बजे एवं दिनांक 07/10/2020 को दोप० 12 बजे) तक रूपये 1000/- नगदी जमा कर नगर पालिका परिषद बडवाह की राजस्व शाखा से प्राप्त किये जा सकते है। तथा प्रतिभूति निक्षेप (सुरक्षा निधि) की राशि पृथक-पृथक दुकान हेतु प्रीमियम राशि के मूल्य की 10 प्रतिशत राशि नगद/ बैक ड्राफ्ट जमा कर बंद लिफाफे में निविदाकार दिनांक 17/11/2022 को 02:00 बजे (दोपहर) तक नगर पालिका परिषद बडवाह की राजस्व शाखा में प्रस्तुत कर सकते है। निविदाऐं दिनांक 18/11/2022 को 3 बजे से खोली जावेगी। दुकानों का विस्तृत विवरण लागत मूल्य सहित निम्नानुसार है!

**म.प्र. न.पा. अधिनियम 1961 की धारा 109 एवं मध्य प्रदेश नगरपालिका (अचल सम्पत्ति का अंतरण) नियम,2016 के अंतर्गत बंद लिफाफें में निविदा आमंत्रण-सूचना**

BLOCK A

| क्र. | निर्माण कार्य वर्ष 2016-17 | दुकान क्रमांक | क्षेत्रफल प्रात दुकान (सुपर बिल्ट प एरिया) (स्वे).मी.) | | आरक्षित मूल्यि | आरक्षित मूल्यि पर धरोहर राशि 10 प्रतिशत | आरक्षण का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2016-17 | 1 | 11.02 | $M^2$ | 700000 | 70000 | अनारक्षित |
| 2 | 2016-17 | 2 | 8.41 | $M^2$ | 534000 | 53400 | अनारक्षित |
| 3 | 2016-17 | 5 | 8.41 | $M^2$ | 534000 | 53400 | अ.जजा पुरूष |
| 4 | 2016-17 | 12 | 23.18 | $M^2$ | 1473000 | 147300 | अनारक्षित |
| 5 | 2016-17 | 15 | 23.18 | $M^2$ | 1473000 | 147300 | अनारक्षित |

BLOCK B

| क्र. | निर्माण कार्य वर्ष 2016-17 | दुकान क्रमांक | क्षेत्रफल प्रति दुकान (सुपर बिल्ट प एरिया) (स्वे).मी.) | | आरक्षित मूल्यि | आरक्षित मूल्यि पर धरोहर राशि 10 प्रतिशत | आरक्षण का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2016-17 | 3 | 8.41 | $M^2$ | 505000 | 50500 | दृष्टिबाधित पुरूष |
| 2 | 2016-17 | 4 | 8.41 | $M^2$ | 505000 | 50500 | अनारक्षित |
| 3 | 2016-17 | 5 | 8.41 | $M^2$ | 505000 | 50500 | अनारक्षित |
| 4 | 2016-17 | 6 | 8.41 | $M^2$ | 505000 | 50500 | अनारक्षित महिला |
| 5 | 2016-17 | 7 | 8.41 | $M^2$ | 505000 | 50500 | अनारक्षित |
| 6 | 2016-17 | 8 | 8.41 | $M^2$ | 505000 | 50500 | अनारक्षित |
| 7 | 2016-17 | 9 | 8.41 | $M^2$ | 505000 | 50500 | अजा महिला |
| 8 | 2016-17 | 10 | 8.41 | $M^2$ | 505000 | 50500 | अनारक्षित |
| 9 | 2016-17 | 12 | 8.41 | $M^2$ | 505000 | 50500 | पि.वर्ग महिला |

राकेश गुप्ता
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बडवाह

**रूपसिंह रावत**
**सभापति**
**राजस्व, वित्त एवं लेखा विभाग**
**नगर पालिका बड़वाह**

डॉ केशवसिंह सगर
मुख्य नगर पालिका अधिकरी
नगर पालिका परिषद बडवाह